# व्यक्तिगत हितों से ऊपर होना चाहिए राष्ट्रहित

▶ 76 वें संविधान दिवस पर स्कूल, कॉलेजों में हुए व्याख्यान, प्रतियोगिताएं ▶ विद्यार्थियों को बताया संविधान का महत्व

**भोपाल, 26 नवंबर. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के विधि शिक्षण एवं शोध विभाग द्वारा 76वें संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार और बुधवार को दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए. इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में संवैधानिक जागरुकता, आलोचनात्मक चिंतन, तथा सार्थक शैक्षिक संवाद को प्रोत्साहन देना था.**

कार्यक्रम के प्रथम दिन मंगलवार को प्रश्नोत्तरी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई, जिसमें कुल 31 टीमों ने सहभागिता की. वाद-विवाद प्रतियोगिता हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आयोजित की गई, विवाद-विवाद के प्रमुख विषय- समान नागरिक संहिता, डिजिटल गोपनीयता एवं डेटा संरक्षण, वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 'एक राष्ट्र—एक चुनाव' कानून निर्माण में राज्यपालों की भूमिका था. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एक लिखित प्रारंभिक दौर से प्रारंभ हुई, जिसके बाद सेमीफाइनल एवं फाइनल दौर आयोजित किए गए. इस प्रतियोगिता में विजेता आदित्य मिश्रा, सुधांशु अग्रवाल एवं गौरव मेवाड़ा (बरकतउल्ला विश्वविद्यालय), उपविजेता शिवानी धाकड़, मो. इरफान, योगेश कुमार सोनी (कैरियर कॉलेज ऑफ लॉ) रहे. प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया. बुधवार को संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया. समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी थे. उन्होंने अपने संबोधन में संविधान निर्माण से अब तक हुए परिवर्तनों पर शोध की आवश्यकता पर बल दिया तथा विद्यार्थियों को संवैधानिक अध्ययन में गहनता लाने का संदेश दिया. इस अवसर पर बीयू के कुलगुरु प्रोफेसर एसके जैन ने कहा कि समाज एवं राष्ट्रहित सदैव व्यक्तिगत हितों से ऊपर होना चाहिए. उन्होंने संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के पालन पर विशेष जोर दिया. विभागाध्यक्ष प्रो. मोना पुरोहित ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे संविधान के मूल्यों एवं आदर्शों को जीवन में आत्मसात करें तथा अपने कर्तव्यों का मनोयोगपूर्वक निर्वहन करें.



## भोज मुक्त विश्वविद्यालय में व्याख्यान आयोजित

मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय के सभागार में 76 वें संविधान दिवस के अवसर पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया. मुख्य वक्ता विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एल.पी. झारिया उपस्थित रहे. अध्यक्षता कुलगुरु प्रो. मिलिंद दांडेकर ने की, कुलसचिव डॉ. सुशील मंडेरिया भी उपस्थित रहे. इस अवसर पर कुलगुरु ने सभागार में उपस्थित सभी सदस्यों को संविधान की शपथ भी दिलाई. प्रो. झारिया ने कहा कि, भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है संविधान नियमों एवं कानून का ऐसा संग्रह है, जिससे राज्य का संचालन होता है. उन्होंने कहा हमें राज्य द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करना चाहिए. राजनीति शासन चलाने की एक कला है. अगर इसमें शिक्षित और अच्छे लोग आएंगे तो यह हमारे देश के लिए उत्तम होगा. भारत का संविधान सभी धर्म को समान रूप से विकास करने का अवसर प्रदान करता है. कुलगुरु प्रो. दांडेकर ने कहा कि, भारत का संविधान समय की कसौटी पर खरा उतरा है. हमारे साथ लगभग 50 देश स्वतंत्र हुए, इनमें से केवल हमारे देश में ही लोकतंत्र बचा हुआ है. उन्होंने बताया कि, हमारे हजारों वर्षों की सांस्कृतिक विरासत, साथ में सामंजस्य से रहने की परंपरा और हमारे जीवन मूल्यों के कारण ही हम लोकतंत्र के रास्ते पर चलते रहे.

## एसआईआर कार्य में सहयोग करेंगे सांदीपनि स्कूल के विद्यार्थी



एसआईआर के कार्य में शासकीय सांदीपनि उच्च माध्यमिक विद्यालय निशातपुरा के विद्यार्थी अपना सहयोग देंगे. विद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुछ छात्रों को उनकी स्वेच्छा और रुचि के अनुसार लोकतांत्रिक कार्यों को सीखने और समझने के लिए इस गतिविधि में शामिल होने का अवसर दिया गया, इसमें 9 वीं से 12 वीं के विद्यार्थी शामिल हैं. बुधवार को सांदीपनि विद्यालय में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम में लोकतंत्र में विद्यार्थियों की भूमिका विषय पर चर्चा की गई. मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार हर्ष विक्रम सिंह, प्रभारी चुनाव अधिकारी योगेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया. मुख्य वक्ता तहसीलदार सिंह ने भारतीय लोकतंत्र, भारत में निर्वाचन और निर्वाचन के लिए छात्रों को जागरूक होने का संदेश दिया. उन्होंने विद्यार्थियों को एसआईआर से जुड़े भ्रामक विषयों पर जानकारी दी और विषय को समझाकर छात्रों को इस दिशा में जोड़ने का प्रयास भी किया. साथ ही जागरूक नागरिक के महत्व, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वर्तमान में प्रक्रियाधीन विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम पर अपने विचारों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया.

विद्यालय के प्रधानाचार्य लोकेश चंद्र जैन सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित रहे.



## नेशनल यूनिटी मार्च में शामिल हुए भोपाल के मामून अहमद

**भोपाल 26 नवंबर. लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में संविधान दिवस पर बुधवार को गुजरात के वल्लभ नगर स्टेडियम से यूनिटी मार्च शुरू हुआ. इस राष्ट्रीय पदयात्रा में भोपाल के सैयद मामून अहमद ( मून ) भी शामिल हुए.**

मामून अहमद का चयन केंद्रीय खेल मंत्रालय द्वारा किया गया. देश से चुने गए 150 युवाओं में मामून अहमद मध्य प्रदेश के उन चार प्रतिभागियों में शामिल हैं, जिन्हें यह मौका मिला है. वे भोपाल से एकमात्र प्रतिभागी हैं.

भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में उप संचालक खेल एवं युवा कल्याण द्वारा उन्हें मध्यप्रदेश की किट अपने हाथों से भेंट की गई तथा प्रदेश के खेल एवं युवक कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने शुभकामनाएं देकर गुजरात रवाना किया. पदयात्रा 190 किमी का सफर तय करके 6 दिसंबर को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर संपन्न होगी. इसमें शामिल लोग हर दिन 15 से 18 किलोमीटर पैदल चलेंगे.

## आज 25 इलाकों में बिजली कटौती

**भोपाल.** शहर में बिजली कंपनी गुरुवार को 25 से अधिक इलाकों में मेंटनेंस करेगी. इस कारण कुछ समय के लिए बिजली सप्लाई बंद रहेगी. गुरुवार सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक रापड़िया, कस्तूरी विहार, बागली, पॉम विष्ठा कॉलोनी, अमलतास गोल्ड एस्टेट, मक्सी, मेकर रिगालिया कॉलोनी, बीडीए कॉलोनी एवं आसपास के इलाके. सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक इंद्रप्रस्थ, सन सिटी, इंद्र विहार, आदित्य एवेन्यू, मनुआभान टेकरी, इंद्रा नगर, न्यू राजीव नगर, वसुंधरा कॉलोनी, टीला जमालपुरा, पीएंडटी कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड एवं आसपास. सुबह 10 से शाम 4 बजे तक सिंधी कॉलोनी, पुतलीघर, इस्लामी गेट, बजरिया, शाहजहांनाबाद में बिजली बंद रहेगी.

## एक नजर में



### अयोध्या नगर में तीर्थ यात्रियों को दी विदाई

**भोपाल.** सामाजिक कल्याण समिति एम सेक्टर अयोध्या नगर के पदाधिकारियों ने बुधवार को तीर्थ यात्री गोविन्द लोधी, प्रताप सिंह ठाकुर को तीर्थयात्रा के लिए विदाई दी. ये तीर्थयात्री वृंदावन धाम, खाटू श्याम, सालासर बालाजी, पशुपतिनाथ, उज्जैन सहित अन्य तीर्थस्थलों के दर्शन करेंगे. तीर्थयात्रियों को विदाई देने वालों में राजाराम जैन, अवधेश विश्वकर्मा, रामस्वरूप बरखने व अन्य नागरिक शामिल थे.

### अनवेष सिंह ने तैराकी में कांस्य पदक जीता



**भोपाल.** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 जिसका आयोजन जयपुर में किया जा रहा है. यहां स्विमिंग प्रतियोगिता 25-28 नवंबर आयोजित की जा रही है. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की अनवेष सिंह ने तैराकी प्रतियोगिता में 1500 मी फ्रीस्टाइल इवेंट में 17:12:36 सेकेंड निकाल कर कांस्य पदक प्राप्त किया. विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो एस के जैन, कुल सचिव अनिल शर्मा, संचालक शारीरिक शिक्षा डॉ आलोक मिश्रा, मुकेश शर्मा ने अनवेष को बधाई दी है.

### एम्स के डॉ. वरुण मल्होत्रा भुवनेश्वर में सम्मानित

**भोपाल.** एम्स भोपाल के फिज़ियोलॉजी विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. वरुण मल्होत्रा को वर्ष 2025 के लिए रामेंद्र सुंदर सिन्हा मेमोरियल ऑरेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया. यह सम्मान फिज़ियोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीएसआई) द्वारा एम्स भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन 'फिज़िकॉन-2025' के दौरान प्रदान किया गया. इस अवसर पर डॉ. मल्होत्रा ने 'ए डिकेड ऑफ एक्सप्लोरेशन: इंटीग्रेटिंग योगिक प्रैक्टिसेज, एक्सरसाइज एंड टेक्नोलॉजी फॉर ऑटोनॉमिक एंड कॉग्निटिव ऑप्टिमाइजेशन' विषय पर प्रतिष्ठित ऑरेशन प्रस्तुत किया. उन्होंने दस वर्षों के शोध के आधार पर बताया कि किस प्रकार पारंपरिक योगिक पद्धतियों को आधुनिक चिकित्सा विज्ञान से जोड़कर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है.



## छात्र संघ पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

### गांधी मेडिकल कॉलेज में शपथ ग्रहण समारोह

**भोपाल, 26 नवंबर. गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल में सत्र 2024-25 के लिए छात्र संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया. अधिष्ठाता डॉ कविता एन सिंह ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई.**

समारोह में संघ की अध्यक्ष उर्वि अग्रवाल, सह अध्यक्ष आरुषि राहुल अग्रवाल और रीनी मनोरिया, सचिव कुहू कोठारी तथा अन्य समितियों के पदाधिकारियों ने जिम्मेदारियों का भार ग्रहण किया. कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और संकाय सदस्य उपस्थित रहे और नई टीम को उत्तरदायित्व निभाने तथा नेतृत्व कौशल को विकसित करने के लिए प्रेरित किया.

## भेल में डिजाइन किए हाइड्रो स्टेटर बार्स हस्तांतरित

▶ टॉन्स एचईपी के लिए विशेष रूप से किया गया डिजाइन

**बीएचईएल संवाददाता**

**भोपाल, 26 नवंबर. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), भोपाल ने बुधवार को सीआईएम विभाग में आयोजित एक समारोह में टॉन्स एचईपी ( 11 केवी, 105 मेगावाट ) हेतु विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए हाइड्रो स्टेटर बार्स का औपचारिक हस्तांतरण किया. यह कार्यक्रम एचईपी भोपाल के महाप्रबंधक एवं यूनिट प्रमुख प्रदीप कुमार उपाध्याय की उपस्थिति में संपन्न हुआ.**



ग्राहक की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए ये स्टेटर बार्स अल्प अवधि में उच्च तकनीकी मानकों के साथ निर्मित किए गए. समारोह के दौरान उप महाप्रबंधक (सीआईएम) प्रीति निमजे ने इन स्टेटर बार्स को वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (एचजीएम) विशाल शर्मा को सौंपा.

> अपने संबोधन में उपाध्याय ने सीआईएम विभाग की टीम की सराहना करते हुए कहा कि समय पर आपूर्ति, तकनीकी उत्कृष्टता, टीम वर्क और ग्राहक प्रतिबद्धता जैसी विशेषताएं बीएचईएल की गुणवत्ता और विश्वसनीयता को और मजबूत बनाती हैं. कार्यक्रम में रूपेश तैलंग, महाप्रबंधक (फीडर्स एवं ट्रांसफॉर्मर्स-विनिर्माण, वाणिज्यिक एवं अनुरक्षण), विकास खरे, महाप्रबंधक (ईएम) तथा एस.ए. डोंगरे, महाप्रबंधक (फीडर्स) भी विशेष रूप से उपस्थित थे.

## सरकार से पैरामेडिकल शब्द पर रोक लगाने की मांग

**भोपाल.** भौतिक चिकित्सक कल्याण संघ ने भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी सर्कुलर का समर्थन करते हुए मध्यप्रदेश में भी पेरामेडिकल शब्द को सभी प्रकार से चलन पर रोक लगानी की मांग की है. भौतिक चिकित्सक संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील पाण्डेय का कहना है कि 1 जुलाई 2025 को भारत सरकार ने निर्णय लेते हुए पैरामेडिकल शब्द पर प्रतिबंधित कर नोटिस जारी कर बताया है कि किसी भी सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं एवं किसी भी प्रोफेशनल कोर्स के लिए इस शब्द का चलन गैर कानूनी होगा. 2 सितंबर 2025 को भारत सरकार ने ह्ष्ट।।क्रएक्ट के प्रावधान के तहत 10 प्रोफेशनल काउंसिल का गठन कर नोटिफिकेशन जारी किया है.

## सेवा भारती ने 6 सौ बच्चों को स्वेटर, जैकेट बांटे



**भोपाल, 26 नवंबर. सेवा भारती महानगर द्वारा जरूरतमंद बच्चों के लिए आयोजित विशेष सेवा कार्यक्रम में सेवा भारती महानगर के अध्यक्ष शिवमंगल सिंह एवं भोपाल संभाग संयोजक करण सिंह कौशिक ने दिव्यांग एवं वनवासी छात्रावास के बालकों, सेवा विद्या मंदिर तथा विभिन्न सेवा बस्तियों के 600 बच्चों को स्वेटर ओर जैकेट वितरित किए.**

इस दौरान संगठन अध्यक्ष शिवमंगल सिंह ने कहा कि 'नर सेवा ही नारायण सेवा है 'इसी भावना के साथ सेवा भारती समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक सहायता पहुंचाने के लिए संकल्पित है.

> सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया कि संगठन सदैव जरुरतमंदों की प्राथमिकता का ध्यान रखते हुए सेवा कार्यों का संचालन करता है. आने वाले समय में भी विभिन्न बस्तियों में बच्चों को स्वेटर तथा जरुरतमंद परिवारों को कंबल वितरण की योजना है. कार्यक्रम में सुभाष मंडल अध्यक्ष तारा चंद जैन, सचिव नरेंद्र खुबानी, पूर्णकालिक कार्यकर्ता दिनेश बिल्लोरे, दिनेश पवार, विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे.



## स्त्री राग 2025 में नारी सृजन और शक्ति का प्रदर्शन

▶ दुष्यंत संग्रहालय में नारी पर केंद्रित छह एकल नाटकों का मंचन

**भोपाल, 26 नवंबर. दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में आरिणी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा स्त्री मन और सृजन को समर्पित स्त्री राग 2025 का आयोजन किया गया. इसमें नारी पर केंद्रित छह एकल नाटकों का मंचन किया गया. इस अवसर पर डॉ मीनू पांडेय नयन की पुस्तक वक्त ठहर जाता या तुम का विमोचन संपन्न हुआ. लघु कहानी प्रतियोगिता के विजेताओं को आरिणी अन्वीक्षित कथा सम्मान 2025 प्रदान किए गए.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश के निदेशक डॉ विकास दवे ने की. मुख्य अतिथि संग्रहालय की निदेशक करुणा राजुरकर और विशिष्ट अतिथि पीपुल्स थिएटर ग्रुप की संस्थापक सिंधु धौलपुरे थीं. सरस्वती वंदना सुसंस्कृति सिंह ने प्रस्तुत की, कार्यक्रम संचालन सत्य देव सोनी ने किया और आभार मृदुल त्यागी ने व्यक्त किया. डॉ मीनू पांडेय नयन ने बताया कि जुलाई में पौराणिक कथाओं पर आधारित सशक्त महिला चरित्रों पर लघु कहानियां आमंत्रित की गई थीं. निर्णायक मंडल द्वारा चयनित तीन रचनाकारों को सम्मान प्रदान किया गया.

> प्रथम स्थान हरिद्वार की डॉ मेनका त्रिपाठी को अनसूया का वरदान के लिए मिला. द्वितीय स्थान भोपाल की निरुपमा खरे को शबरी एक अनथक प्रतीक्षा और तृतीय स्थान देवास के सचिन सिंह परिहार को अम्बा की ज्वाला के लिए प्रदान किया गया. कार्यक्रम में प्रस्तुत एकल नाटकों ने महिलाओं की विविध भूमिकाओं और संघर्षों को सशक्त रूप से दर्शाया. मंचन में डिप्रेशन विषय पर डॉ रंजना शर्मा, गढ़ मंडला की रानी पर सुधा दुबे, आदि अनादि अनंत पर डॉ साधना शुक्ला, सावित्री बाई फुले पर सुषमा पटेल, प्रीति लता वद्दार पर नमिता सेन गुप्ता और रानी लक्ष्मी बाई की भूमिका में मंजू गुप्ता ने प्रस्तुति दी.

साहित्य ▶ उल्हासनगर में सिंधी साहित्य संगोष्ठी में भोपाल के साहित्यकारों ने पढ़े शोध पत्र

## सिंधी भाषा के साहित्यिक परिदृश्य पर प्रस्तुत हुए शोधपत्र

**भोपाल, 26 नवंबर. भारत सरकार की राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी और सेवा सदन महाविद्यालय उल्हासनगर के संयुक्त तत्वावधान में सिंधी साहित्य पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी उल्हासनगर में गत दिवस संपन्न हुई. इस संगोष्ठी की संयोजक प्रो. संध्या चंदर कुंदनानी थीं. संगोष्ठी के शुभारंभ सत्र के मुख्य वक्ता प्रो. नामदेव ताराचंदानी थे.**




ताराचंदानी साहित्य अकादमी भारत सरकार के पूर्व संयोजक और वरिष्ठ साहित्यकार हैं. उद्घाटन सत्र में मुंबई के राम जवहरानी और महेश सुखरामानी सहित उल्हासनगर के अनेक साहित्यकार, प्राध्यापक और साहित्य प्रेमी उपस्थित थे.

संगोष्ठी में भोपाल के भगवान बाबानी, अशोक मनवानी, प्रो. बलदेव मतलानी, रोमा जयसिंघानी, जगदीश लच्छानी, डॉ हासो दादलानी, प्रकाश तेजवानी, सरिता शर्मा, मेनका शिवदासानी, अशोक मुक्ता और विनोद आसुदानी ने शोध पत्र पढ़े. सभी शोध पत्र संक्षेप रूप में प्रस्तुत किए गए. कार्यक्रम में सिंधी और हिंदी पर समान अधिकार रखने वाले आचार्य नामदेव ताराचंदानी ने कहा कि यह संगोष्ठी इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक मानी जाएगी क्योंकि सिंधी साहित्य की अधिकांश विधाओं को समाहित करते हुए शोध पत्र प्रस्तुत किए जा रहे हैं.

> चाहे सिंधी काव्य हो या कहानी या उपन्यास या फिर यात्रा संस्मरण, इस संगोष्ठी का फलक काफी व्यापक है. नाटक, यात्रा वृतांत,जीवनी,आत्म कथा, गजल, आलोचना और यहां तक की साक्षात्कार विधा को पहली बार इस संगोष्ठी में शामिल किया गया है. समाजसेवी भगतराम छाबड़ा ने भी विचार व्यक्त किए. समापन अवसर पर संयोजक प्रो.संध्या कुंदनानी ने बताया कि इन सभी विस्तृत मूल शोध पत्रों का प्रकाशन किया जाएगा.

## श्री नारायण गुरु मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा की वर्षगांठ मनाई

**भोपाल.** श्री नारायण संदेश परिषद, मध्यप्रदेश द्वारा श्री नारायण गुरु मंदिर, कान्हा कुंज कॉलोनी, कोकर रोड, भोपाल में प्राणप्रतिष्ठा समारोह की 15वीं वर्षगांठ बुधवार को मनाई गई. कार्यक्रम की शुरुआत सुबह महागणपति होमम् से हुई, जिसके बाद कलश पूजन और महागुरु पूजा हुई. सायंकाल सरवैश्वर्य (देवी) पूजा का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया. सभी अनुष्ठान श्री नारायण मिशन के संतोष शान्तिक्कल द्वारा विधिपूर्वक कराए गए. पी. सुभाष, अध्यक्ष श्री नारायण संदेश परिषद, ने बताया कि वर्षगांठ समारोह का समापन 30 नवम्बर को होगा.